हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 23 मई 2026



# बागरेकसा केंद्र में 52 लाख का घोटाला, प्रबंधक सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर

## औचक जांच के लिए पहुंचे थे अफसर, 696.06 क्विंटल धान के गबन का मामला सामने आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बागरेकसा में शासकीय धान खरीदी में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। कलेक्टर के निर्देशन में प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा की गई औचक जांच में 52 लाख 57 हजार रुपये मूल्य के 1696.06 क्विंटल धान के गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में समिति के कर्मचारियों ने मिलकर रिकॉर्ड में हेराफेरी करते हुए इस सुनियोजित घोटाले को अंजाम दिया। इस मामले में समिति प्रबंधक सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर कराई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच दल द्वारा उपार्जन केंद्र बागरेकसा का भौतिक सत्यापन किया गया, जहां मौके पर केंद्र प्रभारी नीलकंठ साहू और डाटा एंट्री ऑपरेटर ओम कुमार यादव उपस्थित थे। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में केंद्र द्वारा 1 लाख 64 हजार 169 बोरियों में कुल 65 हजार 627.60 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया था। इसमें से 29 हजार 501.46 क्विंटल धान राइस मिलर्स को तथा 34 हजार 430.08 क्विंटल धान संग्रहण केंद्रों को परिदान किया गया। इस तरह कुल 63 हजार 931.54 क्विंटल धान प्रदाय किया गया। ऑनलाइन रिकॉर्ड के अनुसार केंद्र में 1696.06 क्विंटल धान शेष होना अनिवार्य था, लेकिन भौतिक सत्यापन के दौरान परिसर में एक किलो धान भी नहीं पाया गया। गायब हुए इस धान को समिति प्रबंधक और ऑपरेटर द्वारा सूखत बताकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया।

### फर्जी आंकड़े किए दर्ज

जांच में यह बात सामने आई कि धर्मकांटा से प्राप्त वास्तविक वजन की प्रविष्टि कंप्यूटर में नहीं की गई, बल्कि इसके बजाय फर्जी और काल्पनिक आंकड़े दर्ज किए गए। मिलर्स को भेजे जाने वाले धान में समिति प्रबंधक और ऑपरेटर द्वारा कूटरचित तरीके से प्रति बोरा दो किलो की कमी दर्ज की गई। उदाहरण के तौर पर 875 बोरो वाले वाहनों में वास्तविक वजन छुपाकर 17.50 क्विंटल और 800 बोरो वाले वाहनों में 16 क्विंटल की फर्जी कमी दिखाई गई। इसी तरह 700 बोरो में 14 क्विंटल, 600 बोरो में 12 क्विंटल और 500 बोरो वाले वाहनों में 10 क्विंटल धान की मनगढ़ंत कमी कंप्यूटर मॉड्यूल में दर्ज की गई।



### मिलर्स को भेजे धान में ही घोटाला


विशेष बात यह रही कि जांच दल ने जब संग्रहण केंद्रों को भेजे गए धान की जावक पर्चियों का मिलान किया तो वहां वास्तविक वजन ही दर्ज पाया गया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि केवल राइस मिलर्स को भेजे गए धान के कागजों में ही यह सुनियोजित डिजिटल घोटाला किया गया है। इस गंभीर वित्तीय धोखाधड़ी और शासकीय संपत्ति के गबन के मामले में दोषी पाए गए समिति प्रबंधक नीलकंठ साहू, ऑपरेटर ओम कुमार यादव और अन्य संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धारदार चाकू लेकर लोगों में दहशत फैलाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी युवक को पकड़ा। जिससे चाकू बरामद कर कार्रवाई की गई है। बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आरोपी नेतराम यादव उर्फ खतम 23 निवासी कौरिनभांठा को आम स्थान पर धारदार चाकू लेकर लहराते आम जनता को भयभीत करने की सूचना पर थाना बसंतपुर पुलिस ने आरोपी से धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत एवं आतंकित करने पर धारदार चाकू बरामद कर जब्त किए गए तथा आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया।

## माय एंगल




## व्यापारी-अधिकारियों ने मिलकर लगाया शासन को करोड़ों का चूना

# भारतमाला प्रोजेक्टः सड़क से दो किमी दूर जमीनों का भी अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर-विशाखापट्टनम कॉरिडोर के निर्माण में मुआवजा घोटाले का दायरा राजनांदगांव जिले तक फैल गया है, जहां रसूखदारों को फायदा पहुंचाने के लिए सड़क से तीन किमी तक की जमीन अधिग्रहण करने का गंभीर आरोप लगा है। बताया गया कि प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की जा रही जांच में 100 करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले का मामला सामने आया है। जिसमें 11 जिलों में प्रशासनिक मिलीभगत की बातें कही जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार जांच एजेंसियों द्वारा इस मामले को लेकर की गई। जांच से पता चला है कि जमीन अधिग्रहण से जुड़ी गोपनीय जानकारी नियमित रूप से कारोबारियों और बिचौलियों को समय से पहले लीक कर दी जाती थी। इस जानकारी के आधार पर उन्होंने बहुत कम कीमतों पर जमीनें खरीदी और राजस्व अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके सरकारी दस्तावेजो में हेरफेर किया, ताकि उन्हें जमीन के असली मूल्य से कई गुना ज्यादा मुआवजा मिल सके। अब कई जिलों के तत्कालीन कलेक्टर और राजस्व अधिकारी जांच के दायरे में आ गए हैं। सरकारी मंजूरी देने के बदले भारी कमीशन लेने के आरोप भी सामने आए हैं। पिछले गुरुवार को ईडी ने रायपुर, भिलाई, बिलासपुर और कोरबा समेत 17 जगहों पर छापे मारे। इसका कनेक्शन राजनांदगांव जिले से भी होने की बातें कही जा रही है। ऐसे में जल्द ही राजनांदगांव में भी टीम अपनी दस्तक दे सकती है।

**ईडी पहुंचेगी राजनांदगांव**

ज्ञात हो कि पिछले दिनों प्रदेश के कई जिलों में ईडी की टीम ने भारतमाला प्रोजेक्ट में हुए घोटाले को लेकर दबिश दी थी। इस कार्रवाई के दौरान राजनांदगांव से संबंधित बातें भी सामने आई है। ऐसे में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही ईडी की टीम जिले में भी अपनी दस्तक दे सकती है। टीम यहां इस प्रोजेक्ट में मुआवजा पाने वाले व्यापारियों और तत्कालीन राजस्व महकमे के अफसरों से पूछताछ कर सकती है।

## मामले में फर्जीवाड़ा करने वालों पर ईडी की नजर



### देवादा और टेडेसरा में भ्रष्टाचार

बताया गया कि इस प्रोजेक्ट में भू-अर्जन से प्रभावित दुर्ग, रायपुर व राजनांदगांव जिले के करीब 2300 किसानों को 704 करोड़ रुपए से ज्यादा का मुआवजा दिया जाना था। इस प्रोजेक्ट के तहत ही राजनांदगांव जिले के टेडेसरा और देवादा की अधिग्रहित की गई जमीनों में भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आई है। बताया गया कि देवादा में करीबन 77 खसरों का अधिग्रहण किया गया, जो सड़क सीमा से 100 मीटर से लेकर तीन किलोमीटर दूर तक स्थित है। ऐसे में टेडेसरा में ऐसे 42 खसरे जांच में सामने आए हैं, जिनकी दूरी भारतमाला सड़क से 50 मीटर से लेकर दो किलोमीटर तक है। इन दोनों ही गांव में लगभग 60 करोड़ रुपए के घोटाले की बात सामने आ रही है।

### मिलीभगत से उठाया फायदा

सूत्रों की माने तो अधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार आशय पत्र पांच फरवरी 2018 को जारी हुआ। प्रारंभिक प्रकाशन 29 अप्रैल 2022 को हुआ तथा तीसरा अवार्ड 14 अगस्त 2024 को पारित किया गया। इसके बीच नामांतरण, रजिस्ट्री और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया में कई बार संशोधन किए। कई खसरों में एक ही भूमि के लिए अलग-अलग चरणों में अलग प्रविष्टियां दर्ज की है। इससे संदेह है कि प्रक्रिया के दौरान रिकार्ड में बदलाव कर फायदा लिया गया। इस पूरे खेल में तत्कालीन राजस्व महकमे के आरआई, पटवारी से लेकर अन्य अफसरों की व्यापारियों के साथ मिलीभगत कर घोटाला किए जाने की बातें सामने आ रही है।

# घर में रखकर शराब की बिक्री, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में बड़ी मात्रा में शराब भंडारण कर अवैध रूप से बिक्री किए जाने की सूचना पर लालबाग एवं साइबर पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर दबिश दी। इस दौरान 270 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 मई को थाना लालबाग पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बरगा निवासी एक व्यक्ति अपने मकान में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ग्राम बरगा पहुंचकर आरोपी के किराये के मकान की विधिवत तलाशी ली।

### प्लास्टिक बोरियों में पौवा बरामद

पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान आरोपी अभिषेक कुमार यादव 25 वर्ष निवासी पेंड्री बस्ती हाल ग्राम बरगा के कब्जे से दो प्लास्टिक बोरियों में कुल 270 पाव देशी प्लेन मदिरा सवा शेरा बरामद की गई। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 21,600 रुपए है। आरोपी से शराब रखने संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, किन्तु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत पाए जाने से मौके पर विधिवत कार्रवाई कर आरोपी अभिषेक कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया तथा जब्त शराब को आबकारी परीक्षण हेतु सुरक्षित रखा गया है।



### युवक से 46 पौवा जब्त

अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस ने लखोली राजीव नगर में रेड कार्रवाई कर आरोपी युवक से 46 पौवा देशी शराब जब्त कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 22 मई को रात्रि में मुखबीर की सूचना पर रेड कार्रवाई कर आरोपी मोहित साहू निवासी राजीव नगर लखोली के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे 46 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3680 रुपए जब्त कर आरोपी को गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया।

## जिले का अधिकतम तापमान 45 डिग्री के करीब, रातें भी हुई गर्म

# नांदगांव-केसीजी जिले के लिए लू का आरेंज अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने अंचल में ग्रीष्म लहर को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार अगले चौबीस से 48 घंटों के दौरान राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों में कुछ स्थानों पर लू चलने को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वर्तमान में अंचल भीषण गर्मी की चपेट में है, जहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तक पहुंच गया है। जिससे जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है।

इस बढ़ती गर्मी का सीधा और नकारात्मक असर अंचल की खेती पर पड़ रहा है। तेज धूप और लू के कारण खेतों की नमी तेजी से सूख रही है। जिससे ग्रीष्मकालीन फसलों और सब्जियों को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों को अपनी फसलों को बचाने अब सामान्य से कहीं अधिक सिंचाई करनी पड़ रही है। जिससे खेती की लागत भी बढ़ गई है। भीषण गर्मी ने लोगों की सेहत को भी खतरे में डाल दिया है और अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीज बढ़ने लगे हैं। इस स्थिति को देखते मौसम विभाग ने आम जनता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस चिलचिलाती धूप का असर स्थानीय बाजारों पर भी साफ नजर आ रहा है। दोपहर के समय प्रमुख बाजार और सड़कें पूरी तरह से सूनी हो जाती है, क्योंकि लोग तेज गर्मी के डर से घरों से बाहर निकलना टाल रहे हैं। ग्राहकों की कमी के कारण व्यापार में भी सुस्ती आ गई है और दिहाड़ी मजदूरों तथा छोटे दुकानदारों की आजीविका पर इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। आने वाले दिनों में अंचलवासियों को गर्मी से बचाव के लिए पूरी तरह से सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**सतर्क रहने की अपीलः** लोगों को सलाह दी गई है कि वे पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन लगातार करते रहें। सबसे अधिक धूप वाले समय यानी दोपहर बारह बजे से शाम चार बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें।

बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहने और अपने पूरे शरीर को अच्छी तरह से ढंककर रखें। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि यदि कोई व्यक्ति लू की चपेट में आ जाए तो उसे तुरंत किसी छायादार और ठंडी जगह पर लिटाएं। प्रभावित व्यक्ति के शरीर को बार-बार गीले कपड़े से पोछे और उसके सिर पर सामान्य तापमान का पानी डालें, ताकि शरीर का तापमान कम हो सके।

### ऐसा रहेगा मौसम

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरूनी उड़ीसा और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश से अंदरूनी उड़ीसा-छत्तीसगढ़ होते हुए 1.5 कम ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 कम ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके असर से प्रदेश में कल 23 मई को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों में दो डिग्री के आसपास वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश के बस्तर संभाग में 26 मई से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। मध्य क्षेत्र में 29 मई से वर्षा की गतिविधि प्रारंभ होने की संभावना बन रही है।









## खबर संक्षेप



### वित्त मंत्री एवं विस अध्यक्ष से मुलाकात

**डोंगरगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के राजनांदगांव प्रवास के दौरान एक प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात किया। इस अवसर पर राजनीतिक एवं विकासात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान हरविंदर सिंह मंगे, कुलवंत सिंह कक्कड़, विजेंद्र सिंह ठाकुर, विशाल सुराना सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने डॉ. सिंह एवं श्री चौधरी का आत्मीय स्वागत कर सकारात्मक चर्चा की।

### कांग्रेसजनों ने याद किया राजीव गांधी को



**डोंगरगढ़।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय नवीन विश्राम भवन में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, संध्या देशपांडे, प्रदीप शर्मा, नलिनी मेश्राम, ममता शिंदे, किरण मेश्राम, निधि गजभिए, निशा निर्मलकर, शिशुपाल भारती, विष्णु लोधी, जितेंद्र भाटिया, रिम्मी भाटिया, मतीन खान, नरेश करसे, गणेश प्रसाद, निजार जीवा, संजय यादव, रामजी तराने, एडविन हैदर, विजयराज सिंह, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले, प्रशांत कांडे ,महेश बोरकर, भोला बोरकर, संजीव गुप्ता, केशव टांडी, रूपेश मसीह, दिनेश साखरे, सुरेंद्र अम्बादे, गजेंद्र साहू, मयूर हथेल, हरप्रीतसिंह, बबलू खोबरागड़े, पप्पू इंदुरकर, प्रमोद टेंभुर्णिकर, अमरीश टांडिया, सुमित, हरीश भंडारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरकारी शराब दुकान से बेजा निकासी

**खड़गांव।** दल्लीराजहरा क्षेत्र के कुछ कोचियों द्वारा खडगांव सरकारी शराब दुकान से थोक में देशी शराब लेकर भंडारण और विक्रय किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इन दिनों दल्लीराजहरा क्षेत्र में देशी शराब नहीं मिल रही है जिसके चलते शराब कोचिया खडगांव सरकारी शराब दुकान से बड़ी मात्रा में देशी शराब लेकर 80 रुपए के पव्वे को 150 रुपए तक में बेच रहे है। शराब की बेजा निकासी होने के बाद भी प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। आबकारी विभाग भी इस मामले में मौन है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बड़े लेन-देन के चलते सारा काम खामोशी से हो रहा है। इस संबंध में जब आबकारी विभाग के श्री देवांगन और श्री भाडेकर से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो फोन रिसीव नहीं करने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका।

### नाली का भूमिपूजन



**बांधाबाजार।** ग्राम गुंडरदेही में नाली निर्माण की स्वीकृति मिलने के साथ वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। ग्राम में प्रस्तावित नाली का गत दिनों भूमिपूजन किया गया। गुरुवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, सरपंच रवि नेताम, हरि साहू, संजय साहू, राजेश कौशिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुवात मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। अतिथियों ने फावड़ा चलाकर निर्माण का शुभारंभ किया। ग्रामवासियों ने बताया कि बरसात के दिनों में नाली नहीं होने से परेशानी होती थी। नाली बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी।

## समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का अफसरों ने किया समाधान

# ग्रामीणों के लिए खुशियां लेकर आया सुशासन तिहार

## शिविर में योजनाओं का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सुशासन तिहार के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की मांग, शिकायत एवं समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार थी।

शिविर में सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जनपद अध्यक्ष पुष्पा जंघेल, जनपद सदस्य डोमार सिंह भेड़िया, संगीता अंजु जंघेल, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल शामिल हुए। अतिथियों ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया।

उक्त मौके पर श्रीमती ताम्रकार ने कहा कि सरकार की इस पहल से सरकारी कामों में पारदर्शिता आई है। लोगों की समस्या का त्वरित समाधान शिविर के माध्यम हो रहा है।

उन्होने सरकार के उपलब्धि गिनाया। खम्हन ताम्रकार ने केन्द्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं को बताकर लोगों को उसका लाभ लेने प्रेरित किया। उन्होंने खाद, ईंधन आदि की समस्या का शीघ्र निराकरण होने की बात कही।



### आवेदनों का निराकरण

शिविर में विभिन्न मांग एवं समस्या के कुल 906 आवेदन प्राप्त हुए। कुछ आवेदन को मौके पर ही समाधान किया गया। शेष को संबंधित विभाग को निराकरण के लिए सौंपा गया।

### पात्र हितग्राही लाभान्वित

शिविर में पात्र हितग्राहियों को सम्मानित एवं लाभान्वित किया गया। अतिथियों ने पीएम आवास योजना के तहत घर बना चुके हितग्राही को चाबी सौंपा। वहीं किशोरी बालिकाओं को स्वछता कीट दिया गया। महिलाओं को पोषण आहार एवं वृद्धों को श्रवण यंत्र एवं छड़ी दिया गया। कृषि विभाग ने उन्नत बीज का वितरण किया। शिक्षा विभाग ने उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इसी कड़ी में जय मां छत्तीसगढ़ महिला समुह को 6 लाख तथा जय मां वैष्णवी महिला समुह को 3 लाख का चेक दिया गया।

### विभागों को किया निर्देशित

जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने शिविर जायजा लेते हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने कहा। शिविर में एसडीएम अविनाश ठाकुर, तहसीलदार नेहा ध्रुव, जनपद सीईओ केशवरी देवांगन, चिकित्सा अधिकारी मनीष बघेल, ब्रजेश ताम्रकार, सरपंच दूजे राम वर्मा, लेखराम साहू, रमेश जंघेल, संतोष ठाकुर, रामस्वरूप यादव, देवलाल साहू, मुखचंद यादव, केशव साहू, जितेन्द्र पटेल, किशुन मिर्चे, बालकिशन जंघेल, अंजु जंघेल, मोहित बजरंग, सिद्धार्थ कुमार, चन्द्रभान वैष्णव, बलदेव मरकाम, लोकेश जंघेल, कमलेश साहू, अशोक साहू, बिंदिया मानिकपुरी, कंसराम पटेल, धर्मेन्द्र जंघेल, नंदकिशोर वैष्णव, रोहित साहू, सूरज जंघेल, त्रिलोका जंघेल, अमेरिका जंघेल, फूलमत यादव, भागबती, केशव, बेदराम, उत्तर कुमार, गजेन्द्र, रामावतार, मुस्तकीम बेग, सोनी जंघेल आदि मौजूद थे।

## शिविर में उमड़ी भीड़ पर गायब रहे कई विभागीय अधिकारी

**डोंगरगांव।** झुलसा देने वाली गर्मी के बीच शहर में सुशासन तिहार के तहत तीसरे समाधान शिविर का आयोजन साकेतधाम में किया गया। शिविर में समस्या के समाधान होने की उम्मीद से बड़ी संख्या में महिला- पुरूष पहुंच किन्तु तब निराश होना पड़ा जब उन्हें पता चला कि शिविर में अधिकारी आए ही नहीं है। बहुसंख्यक लोग शिविर में आवेदन देकर लौट गए।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के तहत निकाय क्षेत्र में भी समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को साकेतधाम में शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा जनप्रतिनिधियों की प्रशासनिक पकड़ ढीली होने के कारण कई विभागों के अधिकारी शिविर में आए ही नहीं। कुछ विभाग के ऐसे कर्मचारी आए थे जिनके पास किसी समस्या के समाधान का अधिकार था और न उन्हे विभागीय जानकारी थी।

कुछ विभाग का पूरा अमला ही शिविर से गायब रहा। जानकारी के अनुसार आयुष, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग का कोई भी शिविर में नहीं आया था। अधिकारी के गैर जिम्मेदाराना रवैए को देखते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता के तीखे तेवर दिखाते हुए लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, विद्युत मंडल आदि जमकर क्लास लेते हुए साफ शब्दों में कहा कि शासन की छबि को खराब करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### फार्म कम पड़ गए

साकेत धाम परिसर में वार्ड क्रमांक 11, 12 और 15 का शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में लोगों को हुजुम उमड़ने के बाद स्थिति यहां आ पहुंची थी कि फार्म कम पड़ गए थे। बताया जाता है कि वार्ड नं 8 के करीब 140 परिवारों ने नल कनेक्शन के लिए पूर्व पार्षद सिद्दीक बड़गुजर के नेतृत्व में आवेदन जमा किया है। वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने अन्य मांगें प्रशासन के सामने रखी है।

### पूर्व पार्षद ने दिखाई सजगता

समाधान शिविर का लेकर शुरू से उदासीनता देखा जा रहा है। हालत यह रही आयोजन का अपेक्षित प्रचार नहीं होने कारण पूर्व में आयोजित शिविर में लोगों की सहभागिता काफी नगण्य रही। राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को लेकर बरती जा रही लापरवाही को देखते हुए पूर्व पार्षद सिद्दीक बड़गुजर ने गुरूवार को पूरे शहर में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से आयोजन की जानकारी लोगों तक पहुंचाया जिसका परिणाम यह रहा कि तीसरे शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## कई ग्रामीणों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

**खुज्जी।** सुशासन तिहार के तहत गोडलवाही में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने समस्याओं एवं मांगों के आवेदन दिए। इस दौरान कुल 1292 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1286 मांग एवं 6 शिकायत के थे। शिविर में पीएम आवास के हितग्राहियों का सम्मान किया गया।वहीं कुछ को राशन कार्ड, स्व-सहायता समूहों को ऋण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं शौचालय का स्वीकृति पत्र बांटा गया। मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोद भराई की रस्म पूरा किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, एडीएम सीएल मार्कंडेय, डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास, तहसीलदार विजय कोठारी, सीईओ होरीलाल साहू आदि उपस्थित थे।



# हटेगी शराब दुकान, आंदोलन समाप्त

- सहायक आयुक्त ने दिया आश्वासन, धरना स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

गैंदाटोला शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर सप्ताह भर से जारी आंदोलन गुरूवार को सहायक आयुक्त के आश्वासन बाद समाप्त हो गया। सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने धरना स्थल पर पहुंचकर शराब दुकान को हटाने का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय है कि गैंदाटोला स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर एक महीने पहले पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू एवं ग्रामीणों ने लामबंद होकर प्रदर्शन किया था।

ग्रामीणों का आरोप था कि उक्त शराब दुकान के आसपास से गुजरने वाले छात्राओं एवं महिलाओं के साथ शराबियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। ग्रामीणों के प्रदर्शन को देखते हुए आबकारी विभाग के अधिकारियों ने शराब दुकान को एक अप्रैल से स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया था। बताया जाता है कि निर्धारित तिथि तक टेंडर नहीं होने के कारण शराब दुकान नहीं हटाया जा सका हालांकि गैंदाटोला शराब दुकान के लिए कोई आवेदन नहीं आया था जिसका नतीजा यह हुआ कि शराब दुकान निर्धारित स्थल पर ही खुली रही।



### बंद रहेगी दुकान

इस दौरान धरना स्थल पर पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू, सुदेश टीकम, सूर्यकुमार खिलारी, प्यारेलाल मंडावी, जयपाल यादव, पीआर पन्द्रे, मदन साहू, मोती साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सहायक आबकारी आयुक्त तिवारी ने आंदोलित ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि नए स्थल के चयन तक गैंदाटोला -नून्हाटोला मार्ग पर स्थित शराब दुकान बंद रहेगी।

### फिर शुरू हुआ आंदोलन

दुकान के नहीं हटने के बाद पूर्व विधायक छन्नी साहू, सर्व आदिवासी समाज, किसान मोर्चा के सुदेश टीकम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पुनः शराब दुकान के सामने धरना शुरू कर दिया था। आंदोलन के करीब सप्ताह भर बाद सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी एवं तहसीलदार आकांक्षा साहू, थाना प्रभारी राजेश साहू ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर शराब दुकान को हटाने की सहमति प्रदान की तब ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया।

# स्वच्छता व्यवस्था पर नए निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका में मंगलवार को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, स्वच्छता कर्मियों आदि को नए नियमों और कचरा प्रबंधन व्यवस्था की जानकारी दी गई।

इस दौरान नागरिकों तक नए प्रावधानों की जानकारी पहुंचाने एवं जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। सीएमओ राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत अब कचरे को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक घर, दुकान एवं संस्थान में स्त्रोत स्तर पर ही कचरे का पृथक्करण करना अनिवार्य होगा। नागरिकों को अलग- अलग प्रकार के कचरे को अलग डस्टबिन में रखकर स्वच्छता दीदियों को सौंपना होगा।



### अब चार रंग के होंगे डस्टबिन

नए नियमों के अनुसार प्रत्येक घर एवं दुकान में चार रंगों के डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि अधिक मात्रा में कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों को बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में रखा जाएगा। ऐसे संस्थानों को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा साथ ही परिसर में ही गीले कचरे के प्रसंस्करण की व्यवस्था करना होगा। अधिकारी ने कहा कि नए नियमों का पालन नहीं करने वालों पर भविष्य में कार्रवाई भी की जा सकती है।

## सरकार के खिलाफ नारेबाजी

# कांग्रेस ने महंगाई के विरोध में रैली निकाल जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

दिनों दिन आसमान छूती महंगाई के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन में गुरूवार को शहर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। कांग्रेसजनों ने पेट्रोल-डीजल एवं गैस सिलेंडर के बढ़े दाम, अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज तथा किसानों को खाद-बीज की कमी को लेकर प्रदर्शन किया। बढ़ती महंगाई पर हल्ला बोलते हुए जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।

### संकट का पर्याय बनी सरकार

प्रदर्शन के दौरान विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से सभी परेशान हैं। भीषण गर्मी के बीच पेट्रोल के लिए लोगों को लाईन लगाना पड़ रहा है वहीं घरेलू गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से महिलाओं की परेशानियां बढ़





### किसान भी लाइन लगाने मजबूर

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि खाद और बीज की उपलब्धता नहीं होने से किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि खाद के लिए अब किसान लाईन लगाकर पंजीयन करा रहे हैं। वहीं बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या चरम पर है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत पहुंचाने में विफल रही है।

### नारेबाजी कर किया पुतला दहन

महंगाई सहित अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेसजनों ने शहर में रैली निकालकर पुतला दहन किया। इस दौरान बलिराम साहू, नरेंद्र साहू, संजय मुटकुरे, रोशन यदु, सतीश वैष्णव, अखिलेश नखत, मोहनीश साहू, प्रियंक जैन, संध्या साहू, श्रुति शुक्ला, बेबी खान, मासूम बानो, वैशाली बोरकर, नरबदबाई, पदमा देवांगन, विभा साहू, महेंद्र वैष्णव, रितेश राजपूत, देवेंद्र साहू, लिलम गोस्वामी, योगेश साहू, रोशन साहू, शेरू खान, गणेश साहू, कमल वैष्णव, सद्दाम खत्री, चेतन साहू, मयंक यदु, पुष्पेंद्र नेताम, टिंकू देवांगन, भुवाल साहू, गोल्डी खोबरागड़े, महेंद्र भोसले, लक्ष्मीनारायण साहू, राकेश साहू, प्रणव साहू, संदीप रत्नाकर, कुंभ जोशी, चुमन साहू, सोमन साहू, हरेंद्र साहू, बुद्धेश्वर देवांगन आदि उपस्थित थे।

# खाद के लिए चार-पांच गांव भटकने मजबूर किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

कुकुरमुड़ा अतरिया सोसायटी में खाद गोदाम निर्माण की मांग किसान कर रहें हैं जो अब तक पूरी नहीं होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाद के लिए किसानों को अलग अलग गांव जाना पड़ता है।

जानकारी के अनुसार कुकुरमुडा अतरिया सोसायटी में घिरघोली, गुमानपुर, खैरबना, कुकुरमुड़ा और अतरिया शामिल है। इस सोसायटी में लगभग एक हजार से भी अधिक पंजीकृत कृषक है जो धान, सोयाबीन, चना, गेंहू आदि की खेती करते हैं। यहां खाद के भंडारण के लिए समुचित व्यवस्था नहीं है जिस वजह से सभी गांव में स्थित गोदाम में खाद रखा जाता है। गोदाम की क्षमता कम होने कारण सभी खाद का भंडारण एक जगह पर नहीं हो रहा है।

हर साल सोसायटी में आने वाली खाद को पांच गांव की गोदाम में रखना पड़ता है। डीएपी, यूरिया, राखड, पोटाश अन्य खाद लेने वाले किसानों को तीन- चार गोदाम जाना पड़ता है जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## गोदाम है पर भंडारण क्षमता कम



### वितरण का जिम्मा एक पर

कृषक गैंदूराम जंघेल ने बताया कि खाद वितरण के लिए एक कर्मचारी नियुक्त हैं जो एक ही दिन अलग अलग गांव में जाकर खाद वितरण करता है। अगर किसी दिन खाद लेने अधिक किसान पहुंचते हैं, तो एक गोदाम में ही पुरा दिन निकल जाता है। कृषकों को खाद के लिए दो से तीन दिन इंतजार करना पड़ता है। परेशानियों को देखते हुए किसानों ने वृहद गोदाम निर्माण की मांग की है ताकि पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया जा सके।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### उत्पादन बढ़ाने सामग्री का वितरण

**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के एचआरडीपी कार्यक्रम अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से कृषि उन्नयन की पहल की जा रही है। इस पहल के तहत सीमांत किसानों को उच्च मूल्य फसल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मूंग, उड़द, खीरा, तरबूज के बीजों के साथ- बायो-बूस्टर का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन समर्थ टीम के प्रोजेक्ट मैनेजर भैयासिंह झरे, सोशल मोबिलाइजेशन ऑफिसर नंदलाल साहू, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट सोमनाथ चावले एवं सीआरपी के सहयोग से किया जा रहा है।

### खनिज विभाग ने लक्ष्य से ज्यादा राजस्व किया अर्जित

**खैरागढ़।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। वन, खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियो की मौजूदगी मे जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर प्रभावी रोक लगाने विभागीय समन्वय और संयुक्त कार्रवाई पर जोर दिया गया। बैठक में सहायक खनिज अधिकारी बबलू पांडेय ने जानकारी दी कि विगत वित्तीय वर्ष में जिले को निर्धारित 350 लाख रुपये के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध 609.70 लाख रुपयों का खनिज राजस्व प्राप्त हुआ, जो लक्ष्य से काफी अधिक है। वहीं वित्तीय वर्ष 26-27 में 15 मई 26 तक अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के मामलों में खान व खनिज अधिनियम 1957 के तहत कुल 40 प्रकरण दर्ज किया गया इनमें 31 प्रकरणों का निराकरण कर 6 लाख 14 हजार 675 रुपए की अर्थदण्ड राशि खनिज मद में जमा कराई गई है जबकि शेष मामलों में कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस, राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नियमित कार्रवाई करने कहा गया है।

# गांव की सरकार को मिली ताकत, फाइलों में नहीं बैठकों में सुलझ रही समस्याएं

## सुशासन तिहार के अंतर्गत मौके पर ही कई समस्याओं का हो रहा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर द्वारा क्लस्टर स्तर पर लगातार सरपंचों एवं ग्राम पंचायत सचिवों की प्रशिक्षण सह बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में पीएचई, क्रेडा, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं।

बैठकों में ग्राम पंचायतों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना जा रहा है तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि पहली बार ग्राम पंचायत स्तर की समस्याओं, अधिकारों एवं उनके समाधान को लेकर इतने गंभीर एवं विस्तृत स्तर पर चर्चा हो रही है। जिससे सभी सरपंच एवं सचिव अत्यंत संतुष्ट और उत्साहित हैं।

### जल संरक्षण पर फोकस

बैठक के दौरान विशेष रूप से वर्तमान समय में जल संकट एवं पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते अधिक से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं निर्मित करने, जल संचय कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने, तालाब गहरीकरण, डबरी, नाला उपचार, ट्रेंच, चेकडैम, वर्षा जल संचयन एवं भू-जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों को जल संरक्षण अभियान से जोड़ने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।



### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों से प्राप्त समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें शासन की मूल इकाई है और गांव स्तर पर समस्याओं का समाधान ही सुशासन की वास्तविक पहचान है।

### ग्रामीणों में उत्साह

बैठकों में सरपंचों द्वारा पेयजल, सिंचाई, सोलर लाइट, तालाब मरम्मत, कृषि सहायता, जल संरक्षण, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विषय रखे गए, जिन पर विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल मार्गदर्शन एवं समाधान प्रदान किया गया। ग्रामीण जनता में इन बैठकों को लेकर विशेष उत्साह एवं खुशी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि अब ग्राम पंचायत स्तर पर ही विभिन्न सेवाएं एवं समाधान उपलब्ध हो रहे हैं। जिससे आम जनता के कार्य सरल एवं तेजी से पूरे हो रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने भी जिला प्रशासन की इस पहल को ग्रामीण विकास एवं सुशासन की दिशा में अत्यंत सकारात्मक कदम बताया है।

### गांव में निपट रहे राजस्व प्रकरण

प्रशिक्षण सह बैठकों में ग्राम पंचायतों के अधिकार एवं जिम्मेदारियां, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम के तालाबों का मत्स्य पट्टे पर आवंटन, ग्राम पंचायतों की आय वृद्धि, अविवादित श्रेणी के नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का ग्राम पंचायत स्तर पर निराकरण, एग्रीस्टैक के अंतर्गत किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन, आधार में मोबाइल अपडेट एवं बायोमेट्रिक अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है।

## कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग

# नीट परीक्षा में धांधली, नाराज विभिन्न संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

## लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

देश की प्रतिष्ठित चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट में कथित पेपर लीक और व्यापक अनियमितताओं को लेकर शैक्षिक प्रगतिशील मंच और देश की बात फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने जिलाधीश के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

विरोध प्रदर्शन को सिविल सोसाइटी सहित विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक दल कांग्रेस, छत्तीसगढिया क्रांति सेना, शिवसेना, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन और जोहार छत्तीसगढ़ के सदस्यो ने प्रदर्शन मे शामिल होकर समर्थन दिया। ज्ञापन में नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में पेपर लीक और धांधली के आरोपो को लेकर उन्होने कहा कि यह केवल परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़ा नही कर रहा बल्कि लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ सरासर अन्याय है।



### पारदर्शिता और कड़ी कार्रवाई की मांग

प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि नीट परीक्षा में हुए कथित पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की जवाबदेही तय की जाए साथ ही इस पूरे षडयंत्र में शामिल दोषी अधिकारियों और पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और लाखों विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करते हुए परीक्षा परिणाम पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान पार्षद दीपक देवांगन, टेकराम वर्मा, रानी राजलक्ष्मी तिवारी, महेश यादव, रविन्द्र सिंह गुड्डा, भुनेश्वर वर्मा, डॉ. भोला साहू, डोमार वर्मा, सूर्यकांत यादव, अनिल साहू, शेखर दास वैष्णव, शिवेंद्र वर्मा, डॉ. खुमान साहू, धर्मेंद्र साहू, दिलेश पटेल, एक्टिविस्ट बिहारी यादव, गोलू दास साहू, राम ठाकुर, पंकज साहू, रतन सिंघी, विनोद सिन्हा, रघु वर्मा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शिक्षा की भी चोरी-डकैती

फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक विप्लव साहू ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज ने छात्रों का पक्ष रखते हुए कहा कि दिन रात मेहनत करने वाले परीक्षार्थियों के सपनों को तोड़ा गया है, जिससे उनके और उनके परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शैक्षिक प्रगतिशील मंच के एडवोकेट शेखू वर्मा ने दुख जताते हुए कहा कि परीक्षा में हुई इस धांधली और मानसिक तनाव के कारण कई निराश छात्रों ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम तक उठा लिया है। छत्तीसगढिया क्रांति सेना के राकेश साहू ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भौतिक वस्तुओं की चोरी के बाद अब देश में शिक्षा की भी सरेआम चोरी-डकैती होने लगी है। नीलेश यादव ने कहा कि जागरूक सिविल सोसायटी को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की रक्षा के लिए हमेशा चौकस और सक्रिय रहना होगा।

# भाजपा का जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण आज से

**खैरागढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय में पहली बार जिला भाजपा की दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण होगा जिसमे जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, सातों मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री सहित जिला संयोजक, जिले में निवासरत राष्ट्रीय व प्रदेश पादधिकारीव कार्यसमिति सदस्यो के अलावा जिला स्तरीय प्रशिक्षण अभियान के टोली प्रमुख शामिल होंगे।

प्रथम सत्र म उदघ्राटन साथ गरीब कल्याण योजना एवं क्रियान्वयन में सगंठन की भूमिका पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य वक्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिशेसर साहू अध्यक्ष होंगे। द्वितीय सत्र हमारा इतिहास विकास के मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकांत सिंह अध्यक्ष होंगे। तृतीय सत्र मे कार्य पद्धति के मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल मिश्रा और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू अध्यक्षता करेंगे। चतुर्थ सत्र मे कार्यकर्ता विकास गुण आवरण और दायित्व बोध के मुख्य वक्ता प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्वेता शर्मा व अध्यक्ष टीके चंदेल होंगे। पंचम सत्र देश के समक्ष चुनौतिया राजनीतिक व सामाजिक के मुख्य वक्ता बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष वर्णिका शर्मा व जिला महामंत्री नवनीत जैन अध्यक्ष होंगे। छठवा सत्र व्यवहारिक लाभार्थी संपर्क, व सोशल मिडिया पर केंद्रित होगा जिसमे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह, जिला महामंत्री नवनीत जैन, शंशाक ताम्रकार प्रशिक्षण देंगे।

### प्रदेश प्रवक्ताओं सहित सांसद देंगी टिप्स

अंतिम दिन रविवार को सुबह सातवा सत्र मन की बात विषय से शुरू होगा इसमे मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हर्षित चौकसे मुख्य वक्ता व जिला महामंत्री शशांक ताम्रकार अध्यक्ष होंगे। आठवॉ सत्र विचार परिवार के मुख्य वक्ता जिला प्रशिक्षण प्रभारी अजय राव के मुख्य वक्तव्य, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल की अध्यक्षता मे होगा। नौवा सत्र सोशल मिडिया का उपयोग पर होगा जिसमे श्रद्धा मिश्रा और प्रियंका ताम्रकार अध्यक्षता करेंगी अतिथि वक्ताओ के रूप मे मिडिया प्रबंधन पर प्रदेश प्रवक्ता नलनिश ठोकने, राजेश मेहता बात रखेंगे। दसवा सत्र हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान म मुख्य वक्ता प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पांडेय, निलिमा गोस्वामी की अध्यक्षता मे होगा। ग्यारहवा सत्र छग की संस्कृति विरासत व धरोहर पर प्रदेश मंत्री जितेन्द वर्मा मुख्य वक्ता होंगे, जिला उपाध्यक्ष जीवन देवागंन अध्यक्षता करेंगे। अंतिम सत्र कार्य विस्तार विषय पर केंद्रित होगा जिसमे मुख्य वक्ता सांसद रूपकुमारी चौधरी और नपा अध्यक्ष गिरजा चद्रांकर अध्यक्षता करेंगी।

# शिविर में परियोजना बंद करने की मांग

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संड़ी चुना पत्थर खदान एवं इससे जुड़ी परियोजनाओं को पूर्णतः बंद करने की मांग को लेकर करीब दो सौ महिला पुरूष पहुंचे थे। सभी लोगों ने अलग अलग आवेदन देकर संड़ी चूना पत्थर एवं उससे संबंधित परियोजना को बंद करने की मांग किया है।

अपनी मांग को लेकर क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांव के महिलाएं चिलचिलाती धूप में टैक्टर से शिविर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि बीते साल भर से पूरे क्षेत्र के लोग संड़ी चूना पत्थर खनन एवं इससे जुड़ी परियोजना को बंद करने आंदोलन कर रहे है। बार बार शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद परियोजना पर पूर्ण विराम नहीं लगा है। शिविर में लुकेश्वरी जंघेल, श्रवण जंघेल, ऐमन जंघेल, हुकुम जंघेल, वीरेन्द्र जंघेल, लीलेश्वर साहू, रोहित साहू, पवन यादव, श्याम सुन्दर साहू, सेवक राम, बिहारी राम, भागवत, पलटन राम, चिरंजय जंघेल, चंदन, बेदलाल, सुनील, हेमलाल, विदेश राम, लक्की जंघेल, विष्णु राम, भागवत, सहित विचारपुर, पंडरिया, जंगलपुर, संड़ी, ओटेबंद, खोंघा, हनईबंद आदि गांव के लोग शामिल रहे।



### पूरा क्षेत्र उपजाऊ कृषि भूमि

उन्होने बताया कि खनन का दायरा बताने वाला पुरा क्षेत्र उपजाऊ कृषि भूमि है। जिस पर कृषक तीन फसल बेहतर उत्पादन के साथ अपना जीवन यापन कर रहा है। खदान या फैक्ट्री खोलने से लोगो के पास आमदनी का जरिया समाप्त हो जाएगा। कृषि उत्पादन एवं पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से इस क्षेत्र में खनन एवं फैक्ट्री लगाना जनहित में नहीं है। फैक्ट्री खुलने एवं खनन कार्य होने से हरियाली वाला पुरा क्षेत्र प्रदूषित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी किसान खनन एवं फैक्ट्री खुलने का विरोध करते आ रहे हैं। सरकार को जनहित एवं पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखकर किसानों की मांग को पुरा करना चाहिए।

# जंगल में विनाश की आहट, जिम्मेदार बेखबर

- दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र में जंगल की कटाई और रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारभांठा

दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र का कोहलाकासा जंगल रेत के अवैध उत्खनन और जलाऊ लकड़ी के नाम पर हरे वृक्षों की कटाई के कारण विनाश की ओर बढ़ रहा है। कोहलाकासा अंचल इन दिनों दोहरी मार झेल रहा है एक ओर नाले की रेत पूरी तरह गायब हो गई वहीं अब हरियाली पर प्रहार करने की खबरें आ रही हैं। ग्रामीणों का दावा है कि जंगल के भीतर पेड़ काटने वाली लखबा मशीनें चल रही हैं। वन रक्षा के लिए तैनात अधिकारियों की संलिप्तता और मौन सहमति का संदेह गहरा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ से टीम भेज कर जांच कराने की मांग उठ रही है ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके।

ग्रामीणों ने कहा कि जंगल में जो कुछ भी हो रहा है, वह अधिकारियों की लापरवाही और मिलीभगत को उजागर कर रहा है। वन सुरक्षा के लिए तैनात बीट गार्ड से लेकर अधिकारियों की फौज के रहते जंगल उजड़ रहा है। विभाग के वातानुकूलित कमरों में तैयार प्लांटेशन और संरक्षण की फाइलें धरातल पर औचित्यहीन साबित हो रही हैं।



### बढ़ रही अवैध कटाई

महीनों तक माफिया के बेखौफ होकर ट्रैक्टरों में नदी से रेत पार करने के बाद लकड़ी तस्कर भी सक्रिय हो गए है और कुछ लोग निस्तारी के नाम पर हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला रहे है। मानवीय हस्तक्षेप और संसाधनों की लूट ने बेजुबान वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर दिया है। रेत के अवैध उत्खनन से नदियाँ-नाले सूख चुके हैं, जिससे प्यास बुझाने के लिए वन्य जीव तालाबों का रुख करने मजबूर हैं। वहीं पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पारिस्थितिक संतुलन खतरे में दिखाई दे रहा है। जंगल से कटाई इसी तरह जारी रही है तो वह दिन दूर नहीं जब वर्षा का चक्र टूट जाएगा और भीषण गर्मी जीवन दूभर हो जाएगा।

## दिग्विजय स्टेडियम समिति के पदभार ग्रहण समारोह में रमन हुए शामिल

# शतरंज खेल के हब के रूप में विकसित होगा जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह गुरुवार को दिग्विजय स्टेडियम समिति के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने दिग्विजय स्टेडियम समिति के सचिव रमेश पटेल एवं सह-सचिव योगेश बागड़ी को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में बास्केटबाल, क्रिकेट, टेनिस, स्नूकर, बिलियर्डस, शतरंज जैसे खेलों के लिए स्टेडियम का अच्छा उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले को शतरंज के खेल के हब के रूप में विकसित किया जा सकता है।

विस अध्यक्ष ने दिग्विजय स्टेडियम के समतलीकरण एवं निर्माण के लिए 15 लाख रुपए तथा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 14 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। कुल 29 लाख रुपए के कार्यों की मांग की गई है, जो एक सप्ताह में स्वीकृत हो जाएगा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष योगेश्वर दत्त मिश्रा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, राजगामी संपदा उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, कोमल राजपूत, कोमल सिंह जंघेल, सौरभ कोठारी, नरेश डाकलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।



### विकास कामों के लिए मिले ढाई हजार करोड़

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि स्टेट कैपिटल रीजन में राजनांदगांव जिले को शामिल करने की एतिहासिक घोषणा की है। जिसमें जिले के भविष्य की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि विगत ढाई साल में जिले में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। अब तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ढाई हजार करोड़ रुपए की राशि राजनांदगांव के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की है। उन्होंने स्टेडियम को सक्रिय करने एवं खेल गतिविधियों को बढ़ाने कहा।

### खेल प्रेमियों को मिलेगा लाभ : मेयर

महापौर मधुसूदन यादव ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद सक्रियता से खेल गतिविधियों की सुध ली है और आगे भी खेल गतिविधियां जारी रहेगी। इससे सभी खेल प्रेमियों को लाभ मिलेगा।

### खेल को बढ़ावा दे पालक : कलेक्टर

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि खेल, युवा एवं समाज हम सभी का भविष्य है। जिले में बहुत से बेहतरीन खिलाड़ी आगे आए है, जिन्होंने शहर का नाम रौशन किया है। एक खिलाड़ी शहर के नाम की परिभाषा बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों में ऊर्जा लगाएं और उन्हें खेलों के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे नशे की ओर नहीं जाए। एक हॉबी के रूप में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दें। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय एस्टोटर्फ हॉकी स्टेडियम की टेंडर लगी हुई है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की दूरदर्शिता से दिग्विजय स्टेडियम के निर्माण के साथ ही यह भी व्यवस्था की गई है कि स्टेडियम के मेंटेनेंस के लिए फंड जनरेट होता रहे। इसके लिए दुकानें किराये पर दी गई है। नवागांव में 8 करोड़ रुपए की लागत से एथलेटिक ट्रेक बनेगा। बैटमिंटन कोर्ट का भी अनुमोदन हो गया है।

# राजकुमारी इन्दिरा सिंह के नाम से जाना जाएगा अब कला संगीत विवि

**खैरागढ़।** इन्दिरा कला संगीत विवि के नाम परिवर्तन प्रस्ताव को राज्य शासन से स्वीकृति मिल गई है। लंबे समय से चली आ रही प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद अब विवि का नया नाम आधिकारिक रूप से लागू किया जा सकेगा।राज्यपाल व कुलाधिपति रामेन डेका के कुशल नेतृत्व में कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा की विशेष पहल के बाद अब विवि राजकुमारी इन्दिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा।

गौरतलब है कि विवि का नाम परिवर्तन करने का सुझाव राज्यपाल ने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से इसके मूल पहचान और संस्थापक राजपरिवार के योगदान को अधिक सम्मानजनक रूप से संरक्षित करने की आवश्यकता जताते हुआ दिया था। कुलपति के निर्देशन में विवि प्रशासन ने नियमानुसार समस्त औपचारिक प्रक्रियाएं पूरा कर प्रस्ताव शासन को अनुमोदन के लिए भेजा था। नाम परिवर्तन संबंधित आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई थी लेकिन विवि में उपलब्ध नही था। कुलपति के अथक प्रयास से आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद प्रशासनिक स्तर पर विचार विमर्श और परीक्षण उपरांत छग सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव ने गुरुवार 21 मई को राज्यपाल के नाम से पत्र जारी कर विवि के नाम परिवर्तन की स्वीकृति दी है।



### नवाचार की श्रृंखला में महत्वपूर्ण उपलब्धि

विवि में हो रहे नवाचार की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप मे नाम परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा ने कुलाधिपति व छग शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल विवि परिवार के लिए गौरव का विषय है बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का भी प्रतीक है। राजपरिवार की दानशीलता, शिक्षा के प्रति उनके योगदान को स्मरणीय बनाने विवि का नाम उनके अनुरूप किए जाने का संकल्प कुलपति ने पदभार ग्रहण करने के समय ही लिया था।

### योगदान को अक्षुण्ण बनाने सार्थक पहल

नाम परिवर्तन संबंधी निर्णय को विवि के इतिहास और उसकी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विवि के नाम परिवर्तन का प्रमुख उद्देश्य राजपरिवार की दानशीलता, कला संरक्षण और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को अक्षुण्ण बनाए रखना है। राजपरिवार द्वारा कला और संगीत शिक्षा के विकास के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान को नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की भावना भी निर्णय के केंद्र में रही। कुलपति ने शासन की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह निर्णय संस्थान की गौरवशाली परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और संस्थापक परिवार के योगदान को स्थायी सम्मान प्रदान करेगा।

## सार समाचार

### 538 परीक्षार्थियों ने दी पीपीएचटी की परीक्षा

**राजनांदगांव**। जिले में गुरुवार को व्यापम द्वारा आयोजित पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 2026 का शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालन संपन्न हुआ। परीक्षा के लिए जिले में निर्धारित 3 परीक्षा केंद्रों में व्यापम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए कुल 745 परीक्षार्थियों का पंजीयन किया गया था। जिनमें से 538 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 207 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के प्रवेश, दस्तावेज सत्यापन, बैठने की व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं पूर्व निर्धारित मानकों के अनुसार समय पर पूर्ण की गईं। निर्धारित समयानुसार परीक्षा केंद्रों के गेट बंद किए गए। जिसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक दल एवं एफएसटी टीम द्वारा सतत निगरानी रखी गई। जिससे परीक्षा केंद्रों में अनुशासन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित रही। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### राजनांदगांव उत्तर मंडल अजजा मोर्चा की सूची जारी

**राजनांदगांव**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष गेमु लाल कुंजाम ने मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें उपाध्यक्ष गौरव प्रताप सिंह मार्को, उपाध्यक्ष रवि कुंजाम, उपाध्यक्ष रमहीन सेवता, उपाध्यक्ष नीतेश मंडावी, उपाध्यक्ष शेखर श्याम, महामंत्री मनीष ध्रुव, महामंत्री कंचन ताराम, कोषाध्यक्ष चैनसिंह मंडावी, मंत्री पद पर विकास रावटे, नीलकंठ मंडावी, लोकेश कोर्राम, बालकृष्ण कोमरे व कलेश्वरी ठाकुर को शामिल किया गया है। इसी तरह कार्यालय मंत्री पद पर गिरधारी नेताम, मीडिया प्रभारी संजू कुमार, मीडिया सह-प्रभारी फिलेश कुमार, मन की बात प्रभारी डोमन छेदैया, प्रचार-प्रसार प्रमुख गोपी मंडावी, आईटी सेल प्रभारी राजकुमार ध्रुव, नारी शक्ति प्रभारी ओमबाई ठाकुर को शामिल किया गया है। इधर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आशीष नेताम, उमेश नेताम, जिनेन्द्र मंडावी, चंद्रेश मंडावी, तुषार सोरी, अनुज गावडे, पुनेन्द्र कोर्राम, नारायण ठाकुर, बलराम ठाकुर एवं तुषार नेताम को शामिल किया गया है।

### सड़क की एनओसी नहीं दी गई, हस्तक्षेप की मांग

**राजनांदगांव**। शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री व पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने शहर के गंज चौक से कन्हारपुरी सड़क की एनओसी पीडब्ल्यूडी द्वारा नहीं देने के मामले को लेकर कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से कलेक्टर से मांग की है कि निगम क्षेत्र के लिए डॉ. रमन सिंह द्वारा अधोसंरचना मद मुख्यमंत्री नगरोत्थान एवं सेंट्रल लाईब्रेरी योजना अंतर्गत राज्य बजट से लगभग 8 कार्यों के लिए 6365.75 लाख रुपए की स्वीकृति में गंज चौक से कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 14.69 लाख रुपए की स्वीकृति निगम को प्राप्त 15 जुलाई 2025 को हुई, लेकिन निगम के गैर जवाबदारों द्वारा जो सड़क की कार्ययोजना निजी बिल्डरों को लाभ पहुंचाने तैयार की गई थी? जिसकी पूर्व में मेरे द्वारा शिकायत की गई थी कि वह सड़क लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती है, जिस सड़क को निगम द्वारा कैसे बनाया जा रहा है और उस घटिया मानसिकता और भ्रष्टाचार कर निजी बिल्डरों और भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाकर, जो खेल करने की नियती निगम के गैर जवाबदारों की सच्चाई जनता के सामने लाने का पूरा प्रयास कांग्रेस पार्टी द्वारा हमेशा किया गया।



### ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति

**राजनांदगांव**। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत विभिन्न जिलों में ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जारी नियुक्ति सूची में राजनांदगांव शहर से सचिन तुरहाटे, राजनांदगांव ग्रामीण से रोशन साहू तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से पुरुषोत्तम वर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ओबीसी विभाग के प्रदेश महामंत्री एवं राजनांदगांव व खैरागढ़ जिले के प्रभारी सीए शिवम चौधरी साहू ने सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते कहा कि संगठन को मजबूती देने तथा ओबीसी समाज की आवाज को और प्रभावी ढंग से उठाने में सभी नवनियुक्त पदाधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार संगठन विस्तार एवं सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रही है तथा इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी।



### श्री गणेश हनुमान मंदिर में कथा का आयोजन

**राजनांदगांव**। श्री गणेश-हनुमान मंदिर पुरूषोत्तम मास के अवसर पर पूज्य गुरुदेव मौनी बाबा द्वारा देश के विभिन्न आश्रमों में यज्ञ अनुष्ठान का कार्यक्रम रखा गया है। जिसका पहला यज्ञ कोलकाता वैदेही परिसर कोण नगर में 22 तारीख को संपन्न होगा। उसके बाद 24 तारीख को श्री महारुद्र यज्ञ देवघर बाबा बैद्यनाथ नगरी झारखंड में प्रारंभ किया जाएगा।

इस अवसर पर राजनांदगांव मिथिला धाम मो मौनी बाबा आश्रम में श्रीमद् भागवत सप्ताह का भी आयोजन रखा गया है। इसके मुख्य यजमान गीताबाई डूबे हैं और यज्ञ के आचार्य श्री मिथिला धाम मंदिर के पं. आदित्य झा हैं। भागवत आचार्य पंडित रोशन दुबे द्वारा कथावाचन होगा। प्रतिदिन संध्या 5 बजे से कथा श्री गणेश मंदिर प्रांगण में होगी। उक्त जानकारी मिथिलाधाम मंदिर के महंत त्यागी बाबा और अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दिया।

### 2001 बैच का पूर्व छात्र मिलन समारोह आज

**राजनांदगांव**। रॉयल किड्स कान्वेंट के 2001 बैच का पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन कल 23 मई 2026 को रखा गया है। इस समारोह में 25 साल बाद फिर बचपन की महफिल सजने वाली है। साल 2001 की हेड गर्ल मनीषा चौधरी झा, डेलॉयट हैदराबाद में कार्यरत हेड बॉय धवल ठक्कर और शहर के बिजनेसमैन विनय बैद इस कार्यक्रम की कमान संभाल रहे है।

बता दें कि कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार भी इसी बैच का हिस्सा हैं, जो इस मिलन समारोह में शामिल हो रहे हैं। संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि इस मौके पर छात्रों को रास्ता दिखाने वाले उनके गुरुजन भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में स्कूल मैनेजमेंट की प्रेसिडेंट डॉ. सविता जेबी सिंह, वाइस प्रेसिडेंट अशोक चौधरी सहित उन सभी शिक्षकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने 25 साल पहले इन बच्चों के भविष्य की नींव रखी थी।

### गुपचुप व्यवसायी से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। एक गुपचुप व्यवसायी से आरोपियों ने मिलकर मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्रांतर्गत प्रार्थी गंधर्व जाटव 35 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 21 मई को रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे कक्कड़ पेट्रोल पंप आरा मिल के पास रोजाना की तरह गुपचुप ठेला लगाया हुआ था। इसी दौरान दो आरोपियों ने गुपचुप खाने की बात को लेकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला किया। इस घटना में उसके पुत्र को भी चोट आई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में पुलिस ने आरोपी श्यामराज साहू एवं साजन कुमार को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

# सीमित मात्रा में मिलेगा यूरिया-डीएपी, नैनो उर्वरकों को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आगामी खरीफ वर्ष 2026 के लिए सहकारी क्षेत्र में उर्वरक वितरण संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

शासन का उद्देश्य किसानों को समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ संतुलित एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देना है। विभाग ने टिकाऊ कृषि विकास के अंतर्गत एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन को प्राथमिकता देते रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

रायपुर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि खेती में केवल रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के बजाय जैव उर्वरक, जैविक खाद, हरी खाद एवं अन्य वैकल्पिक पोषक स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। शासन का मानना है कि इससे भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक सुरक्षित रहेगी, खेती की लागत कम होगी तथा किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त होगा।

#### नियंत्रित उपयोग सुनिश्चित हो

राज्य शासन ने किसानों की भूमिधारिता के आधार पर उर्वरक वितरण की अलग-अलग व्यवस्था भी तय की है। 2.5 एकड़ तक भूमि रखने वाले सीमांत किसानों को निर्धारित मात्रा एकमुश्त उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं 2.5 से 5 एकड़ तक भूमि वाले लघु किसानों को यूरिया दो किस्तों में मिलेगा। इसके अलावा 5 एकड़ से अधिक भूमि रखने वाले बड़े किसानों को यूरिया तीन किस्तों में वितरित किया जाएगा, ताकि उर्वरकों का वैज्ञानिक एवं नियंत्रित उपयोग सुनिश्चित हो सके।

#### 80 फीसदी ही मिलेगी खाद

निर्देशों के अनुसार खरीफ 2025 में किसानों को जितनी मात्रा में यूरिया वितरित किया गया था, उसका 80 प्रतिशत तथा डीएपी का 60 प्रतिशत ही खरीफ 2026 में प्रारंभिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। शेष आवश्यकता पारंपरिक उर्वरकों की उपलब्धता अथवा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और अन्य वैकल्पिक एनपीके उर्वरकों के माध्यम से पूरी की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नैनो उर्वरकों का उपयोग पूर्णतः वैकल्पिक रहेगा और किसी भी किसान को इन्हें लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

#### दशमलव संख्या तक निर्धारण

विभाग द्वारा जारी आदेश में उर्वरकों की गणना का तरीका भी स्पष्ट किया गया है। उर्वरकों की गणना बोरी के आधार पर होगी तथा दशमलव संख्या आने की स्थिति में निकटतम पूर्णांक को मान्य किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर यदि गणना 7.2 बोरी आती है तो 7 बोरी तथा 7.8 बोरी आने पर 8 बोरी स्वीकृत की जाएगी।

## डिलापहरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा

# बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता : रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डिलापहरी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 3 करोड़ 77 लाख 36 हजार रुपए की लागत के 89 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम डिलापहरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण तथा डीएमएफ मद से विभिन्न स्कूलों में शौचालय निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने बताया कि ग्राम डिलापहरी क्षेत्र में 63 केवी क्षमता के ट्रांसफार्मर को बढ़ाकर 100 केवी किया जाएगा। जिससे वोल्टेज की समस्या दूर होगी और बिजली आपूर्ति में सुधार आएगा।




विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर पूर्णता प्रमाण पत्र एवं चाबी सौंपी।

इसी तरह 3 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड का वितरण किया। उन्होंने लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र एवं स्वच्छता दीदीयों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। उन्होंने शिविर में महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति की सराहना करते कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता है। शासन द्वारा गांव-गांव में स्कूलों की व्यवस्था की गई है और अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से क्षेत्र की हजारों महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि 13 ग्रामों की 5 हजार 79 महिलाओं को हर माह लगभग 50 लाख रुपए से अधिक की राशि मिल रही है तथा बीते 27 माह में लगभग 14 करोड़ रुपए का लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पिछले दो वर्षों में क्षेत्र के ग्रामों में करीब 22 करोड़ रुपए की लागत से आवास निर्माण किए गए हैं।

#### सौर संयंत्र स्थापित

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि डिलापहरी शिविर में 13 ग्रामों के ग्रामवासी शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 821 आवास स्वीकृत हुए हैं। जिनमें 370 से अधिक पूर्ण हो चुके हैं। एनआरएलएम के तहत 1100 से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं तथा नरेगा योजना अंतर्गत 53 कार्यों पर 1 करोड़ 49 करोड़ रुपए व्यय कर रोजगार उपलब्ध कराया गया है। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से जिले में 3 हजार से अधिक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। जिससे कई परिवारों का बिजली बिल शून्य आने लगा है।

#### अवैध शराब पर कार्रवाई

एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि जिले में जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित की गई है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जल संरक्षण, स्वच्छता एवं रोजगार मूलक योजनाओं की जानकारी देते बताया कि क्षेत्र में नीर एवं नारी जल यात्रा, इंजेक्शन वेल, परकोलेशन टैंक एवं बोरवेल रिचार्ज कार्य किए जा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ टिप्पणी, भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा बीते दिनों रायबरेली में एक जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की गई।

जिसके बाद आज शहर के महावीर चौक पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का पुतला फूंका।

राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के खिलाफ किए गए टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर आक्रोश है। बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर चौक के समीप एकत्रित हुए और फ्लाई ओवर के नीचे कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते उनका पुतला जलाया।

#### कार्यकर्ताओं में आक्रोश

युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी अशोभनीय है, जो बर्दाश्त करने लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का अपमान देश की जनता का अपमान है। युवा मोर्चा द्वारा आयोजित पुतला दहन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

# विद्युत स्टाफ की कमी से 28 गांव के लोग परेशान

■ कर्मचारियों की पदस्थापना की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

ग्राम सोमनी विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 28 गांव के ग्रामीण लंबे समय से विद्युत संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में लगातार विद्युत कटौती, लो-वोल्टेज, बार-बार लाइन बंद होने और बिजली आपूर्ति बाधित रहने जैसी समस्याओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों को दैनिक कार्यों, कृषि कार्यों तथा विद्यार्थियों की पढ़ाई में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत वितरण केंद्र सोमनी में कुल 11 कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में मात्र 2 कर्मचारी ही पदस्थ हैं। कर्मचारियों की भारी कमी के कारण विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने में कठिनाइयां आ रही है। जिससे क्षेत्रवासियों की समस्याएं और बढ़ रही है। इन्हीं समस्याओं के समाधान एवं पर्याप्त कर्मचारियों की पदस्थापना की मांग को लेकर 22 मई को सुबह 11 बजे भाजपा ग्रामीण मंडल सोमनी के महामंत्री रमन सिंह राजपूत ने राजनांदगांव स्थित स्पीकर हाउस पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्र की विद्युत समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपते आवश्यक कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विषय को गंभीरता से लेते रमन सिंह राजपूत की बातों को ध्यानपूर्वक सुना तथा आवेदन पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित उच्च अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। श्री राजपूत ने उम्मीद जताई कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति होने से विद्युत व्यवस्था में सुधार आएगा।






## खबर संक्षेप

### हनुमंत गार्डन के पास भारी अव्यवस्था, हादसे की आशंका

**कवर्धा।** शहर के व्यस्त इलाके हनुमंत गार्डन के ठीक बगल में सड़क किनारे दुकानें संचालित है। दुकानों के सामने ही वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इस मार्ग पर पहले से ही सड़क पर तीखा मोड़ है। ऐसे में मोड़ के आसपास दुकानों और पार्क किए गए दोपहिया व चारपहिया वाहनों के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को हादसे का खतरा बना हुआ है। जिस पर दुकानों के सामने ही वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। जिस पर कार्रवाही की मांग की गई।

# जिले के खिलाड़ियों ने मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

- 19 गोल्ड सहित 36 मेडल जीतकर कवर्धा के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

जिले के खिलाड़ियों द्वारा लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन कर रहे है। वहीं बिलासपुर में आयोजित पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट चैंपियनशिप-2026 में कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया।

जिले के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल 19 गोल्ड, 10 सिल्वर एवं 7 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया और कबीरधाम को स्टेट चैंपियन बनने का गौरव दिलाया। खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, अनुशासन और बेहतरीन तकनीक ने प्रतियोगिता में सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस उपलब्धि से जिलेभर में खुशी और उत्साह का माहौल है। जिसमें बालिका वर्ग में आरोही श्रीवास, संतोषी कोसले, प्रीति आदिले, प्रिया निषाद, आराध्या मिश्रा, शौर्या श्रीवास्तव, स्नेहल श्रीवास्तव, श्रियांशी ठाकुर, सौम्या सोनी एवं आद्या शर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया।

वहीं समृद्धि श्रीवास्तव, जान्हवी श्रीवास्तव, सकीना लहरे, माही गुप्ता, पूनम लांझेकर, लिशा सिंह एवं अर्पिता मिश्रा ने रजत पदक हासिल किया। नव्या चंद्रवंशी, श्रुति चंद्राकर, अवनी गुप्ता एवं राधिका आदिल ने कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही साथ बालक वर्ग में अर्पित, सहेज, आदेश चंद्रवंशी, आशीष केशरवानी, अनस खान, आयुष तुरकर, प्रांजल चंद्राकर, दक्ष देशलहरे एवं मनीष निषाद ने स्वर्ण पदक जीते। सोहम चंद्रवंशी, नैतिक निषाद एवं ढाल सिंह पाली ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि राहुल लांझी ने कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया।

### कबीरधाम जिला पूरे प्रदेश में चैंपियन बनकर उभर रहा है



जिले के पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट एसोसिएशन के सचिव मनीष निषाद ने बताया कि गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी 25 से 28 जून तक नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के खिलाड़ी प्रतिदिन आईएएस स्कूल में शाम 5:30 बजे से रात 8 बजे तक नियमित अभ्यास करते हैं। खिलाड़ियों की मेहनत और निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि आज कबीरधाम जिला पूरे प्रदेश में चैंपियन बनकर उभरा है।

## अनदेखी: शासकीय जमीनों में धड़ल्ले से चल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार

# कवर्धा में बेखौफ भू-माफिया, नहर नालों तक काटे जा रहे अवैध प्लाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में अवैध प्लाटिंग का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी ने जिलाधीश को किया शिकायत कवर्धा शहर सहित कवर्धा विकास योजना (पुनर्विलोकन) 2031 में शामिल ग्रामों में शासकीय जमीनों पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नहर, नालों, घास भूमि (चारागाह) एवं अन्य राजस्व भूमि पर अतिक्रमण कर प्लॉट काटे जा रहे हैं। इस अवैध गतिविधि के चलते न केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि भविष्य में जल निकासी व्यवस्था और पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगहों पर खुलेआम शासकीय जमीनों को निजी संपत्ति बताकर बेचा जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

प्रशासन की निष्क्रियता के कारण यह अवैध कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे क्षेत्र में अव्यवस्थित विकास और आम जनता के साथ धोखाधड़ी की स्थिति बन रही है। जिले में अवैध प्लाटिंग का मामला अब गंभीर कानूनी उल्लंघन का रूप ले चुका है। कवर्धा शहर सहित शहरी क्षेत्रों में नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग) के स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद बिना अनुमति कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है।

नियमों के अनुसार किसी भी भूमि का विकास (प्लाटिंग) करने से पहले टीएनसीपी की अनुमति, रेरा पंजीयन तथा भूमि का विधिवत डायवर्जन (कृषि से आवासीय) अनिवार्य होता है। इसके बावजूद इन प्रक्रियाओं की अनदेखी कर बड़े पैमाने पर प्लॉट काटे जा रहे हैं।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति चिंताजनक है।

ग्राम पंचायत स्तर पर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (कालोनाइजर का रजिस्ट्रेशन, नियंत्रण तथा शर्तें) नियम 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जानकारों के मुताबिक, बिना अनुमति की जा रही इस प्लाटिंग से न केवल शासन को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है, बल्कि भविष्य में सड़क, नाली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की गंभीर समस्या भी खड़ी हो सकती है।

### विभाग की लापरवाही से फल-फूल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल



प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी ने कहा की कवर्धा शहर के चारों दिशाओं में राजस्व विभाग की गंभीर लापरवाही के चलते अवैध प्लाटिंग का कारोबार तेजी से फैल रहा है। भूमाफिया शासकीय भूमि पर खुलेआम कब्जा कर उसे प्लॉट के रूप में बेच रहे हैं, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस पूरे मामले में विभागीय अधिकारियों-पटवारी, आरआई, तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)-की भूमिका संदेह के घेरे में है। इन अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि कुछ पटवारियों की भूमाफियाओं के साथ सांठगांठ के चलते यह अवैध गतिविधियां बेखौफ जारी हैं। प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। जिलाधीश से शिकायत कर इस पर कठोर कार्यवाही की मांग किया गया है।

# भीषण गर्मी व उमस के बीच बिजली कटौती से आम नागरिक परेशान

- भीषण गर्मी में बच्चों के सेहत पर पड़ रहा दुष्प्रभाव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के बिजली सब स्टेशन कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन परेशान हैं। भीषण गर्मी और उमस के बीच बार-बार बिजली बंद होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर तेज गर्मी और उमस ने लोगों का हाल बेहाल है, वहीं दूसरी ओर लगातार बिजली कटौती से स्थिति और अधिक कठिन हो गई है। वर्तमान समय में इतनी अधिक गर्मी पड़ रही है कि बिना पंखा और कूलर के रहना मुश्किल हो गया है, लेकिन नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिना मौसम खराब हुए भी लगातार लाइन काटी जा रही है। दिन और रात में बार-बार बिजली गुल होने से लोग गर्मी से राहत पाने के लिए सुरक्षित और ठंडे स्थान की तलाश कर रहे हैं। छोटे बच्चों को भी गर्मी के कारण स्वास्थ्य गत तथा अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### क्षेत्र में सुचारू रूप से बिजली पूर्ति की मांग

क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में बिजली ही एकमात्र सहारा है, जिससे पंखे और कूलर चलाकर कुछ राहत मिल सकती है। ऐसे में लगातार बिजली कटौती से लोगों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं विद्युत विभाग से मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए कोलेगांव बिजली सब स्टेशन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिल सके।

# झंडा चौक स्थित घर में लगी भीषण आग



- पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची, आग बुझाने का प्रयास किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के लोहारा नाका झंडा चौक स्थित एक मकान में आग लगने की घटना सामने आई है। जिससे घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया है,घर में एक भी सामान नहीं बचा है, बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद की परिणिति आगजनी की घटना को माना जा रहा है। घटना की जांच की जा रही है।

कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के बिजली ऑफिस से लगा यह मकान है,जहां पर आगजनी की घटना सामने आई है। घर वहां पर रहने वाले हेमंत मसीह की बताई जा रही है। जिसका अपने बेटे के साथ दोपहर में झगड़ा हुआ था। इसी गुस्से में आकर उसके बेटे साजन मसीह के द्वारा आग लगाने की बात कही जा रही है। घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया है। किस्मत अच्छी रही कि घर में रहने वाले अन्य किसी सदस्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। कोतवाली पुलिस घटना की जांच कर रही है। जांच में और भी तथ्य सामन आएंगे।

आगजनी की घटना को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी योगेश कश्यप ने बताया कि झंडा चौक के पास एक कच्चे मकान में आगजनी की घटना सामने आई है। जिसके बाद कोतवाली पुलिस वहां पर पहुंची, आग बुझाने का प्रयास किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर में रहने वाले पिता-पुत्र की आपस में विवाद हुआ था। जिसके बाद ही ये आगजनी की घटना हुई है, जांच में ही साफ हो पाएगा। घटना की जांच की जा रही है।



### 5 खिलाड़ियों का बेसबॉल राष्ट्रीय स्पर्धा में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

एमुचर बेसबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 32वी राष्ट्रीय सब जूनियर बेसबॉल बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन ओडिशा के भुनेश्वर जिले में 24 से 29 मई तक आयोजित होने जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम से नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से बालक वर्ग में चंद्रेश कोर्राम, पंकज मेरावी, शुभम सेन व बालिका वर्ग में चांदनी साहू, जयश्री घृतलहरे कुल 05 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, ये सभी खिलाड़ी 22 मई को बिलासपुर के रेल्वे स्टेशन से ओडिशा के लिए रवाना हुए। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि इन खिलाड़ियों का चयन बिलासपुर में 13 अप्रैल को आयोजित हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिए थे, जिसके आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। छत्तीसगढ़ टीम का चयन महासचिव सुश्री मिताली घोष के नेतृत्व में किया गया जिसमें बालक बालिका दोनों वर्ग मिला के कुल 36 खिलाड़ियों का चयन किया गया साथ ही कोच के रूप में अख्तर खान, लखन देवांगन को नियुक्त किया गया जो छत्तीसगढ़ के दल को पदक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका अर्जित करेंगे।

# क्षेत्र में गर्मी से बचाव व राहत का कवच-खुमरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच सुबह 8 बजे के बाद घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे समय में गांवों में आज भी पुराने रीति-रिवाज और पारंपरिक पहनावे लोगों के लिए राहत का साधन बने हुए हैं। ग्राम कंझेटा निवासी यादव युवक आज भी पारंपरिक खुमरी पहनकर सुबह से भेड़-बकरी चराने निकलते हैं। उनका कहना है कि तेज धूप के बावजूद खुमरी पहनने से शरीर को गर्मी का एहसास नहीं होता और पूरा शरीर ठंडक महसूस करता है। उन्होंने बताया कि सुबह खाना खाकर लगभग 8 बजे घर से निकल जाते हैं और पूरे दिन धूप में रहने के बावजूद खुमरी उन्हें गर्मी से बचाने का काम करती है। ग्रामीणों के अनुसार यह पुरानी परंपरा आज भी उपयोगी साबित हो रही है। यादव ने कहा कि खुमरी केवल पहनावा नहीं, बल्कि धूप से बचने का एक प्राकृतिक कवच है, जो शरीर को आराम और ठंडक प्रदान करता है। पुराने समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी ग्रामीण जीवन में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है।

# कवर्धा को अपराध का अड्डा बनाकर बैठे हैं गृह मंत्री : नवीन जायसवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदेश की भाजपा सरकार और गृह मंत्री विजय शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधों को लेकर भाजपा सरकार को पूरी तरह विफल बताया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कवर्धा जिले में लगातार बढ़ती चोरी, डकैती, लूट, हत्या, गैंगरेप, धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़, मूर्तियों के खंडन, अवैध शराब बिक्री और सट्टा-जुआ जैसे गंभीर अपराधों ने आम जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में जीने पर मजबूर कर दिया है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी विडंबना यह है कि प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा अपने ही जिले में कानून व्यवस्था संभालने में विफल साबित हो रहे हैं। जब गृह मंत्री ही अपने क्षेत्र की जनता को सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, तो नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### गृहमंत्री पर साधा निशाना

आकाश केशवानी ने कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा अपने ही जिले में कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह फेल साबित हुए हैं। जब गृह मंत्री के क्षेत्र में हत्या, लूट और गैंगरेप जैसी घटनाएं लगातार हो रही हों, तो यह सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा प्रमाण है।

## गांव गांव पहुंच रही योजनाएं, शिविर में उमड़ा जन सौलाब

# सुशासन तिहार में डिप्टी सीएम ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बोड़ला विकासखंड के ग्राम खड़ौदाकला में आयोजित सुशासन तिहार में उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं, आवेदन प्राप्त किए तथा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का संवेदनशीलता और तय समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना हमारा परम धर्म है और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन का उद्देश्य हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हम सभी जनता के सेवक हैं और जनता के कार्य करना हम सबकी जिम्मेदारी है। किसानों और ग्रामीणों के छोटे-छोटे कार्यों को संवेदनशीलता के साथ समय पर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों को लंबित नहीं रखा जाना चाहिए और निर्विवाद प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

### सुशासन तिहार शिविर में निःशुल्क दस्तावेज सुविधा

उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार शिविर में बी-1, खसरा और ऋण पुस्तिका जैसी आवश्यक दस्तावेज निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने ग्राम सचिवों को निर्देश दिया कि पंचायतों में इसकी मुनादी कराई जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें। पीएम आवास योजना की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई थी। उन्होंने बताया कि आज के शिविर में शामिल 26 ग्राम पंचायतों के 4 हजार से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिली है।

### विवि की सेमेस्टर परीक्षा का शेड्यूल जारी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हेमचंद यादव विवि की आयोजित सेमेस्टर परीक्षा द्वितीय/चतुर्थ/षष्टम सेमेस्टर व एलएलबी/एलएलएम (प्रथम/तृतीय/ पंचम)-एटीकेटी सत्र मई-जून की परीक्षा 29 मई से आयोजित की जाएगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खाद्यान्न वितरण पूर्ण करने के निर्देश

**कवर्धा।** धराज्य शासन द्वारा जिलों में खाद्य विभाग को आगामी 25 मई तक मई और जून माह के खाद्यान्न का शत प्रतिशत वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों को 25 मई तक नियमित रूप से संचालित करने कहा गया है, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न प्राप्त हो सके। हितग्राहियों को समय सीमा की जानकारी देने के लिए ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर आवश्यक मुनादी तथा व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला खाद्य अधिकारी ने कहा है कि सभी पात्र हितग्राही निर्धारित तिथि के भीतर अपना खाद्यान्न प्राप्त कर लें, ताकि कोई भी व्यक्ति खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि जिले की सभी 516 राशन दुकानों में अप्रैल, मई और जून माह के राशन का भंडारण शत प्रतिशत किया जा चुका है।

### राजनीतिक दलों एवं व्यय अनुवीक्षण दल की बैठक

**कवर्धा।** नगर पालिका उप निर्वाचन 2026 के तहत नियुक्त व्यय प्रेक्षक समीर मिश्रा ने शुक्रवार को रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पालिका निर्वाचन स. लोहारा के कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं व्यय अनुवीक्षण दल की महत्वपूर्ण बैठक लेकर निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री रुचि शार्दूल, रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती शिल्पा देवांगन उपस्थित रहीं। बैठक में व्यय प्रेक्षक श्री मिश्रा ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव प्रचार के दौरान किए जाने वाले व्यय का सही एवं समयबद्ध लेखा-जोखा संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। व्यय अनुवीक्षण दल की बैठक में श्री मिश्रा ने दल के अधिकारियों को निर्वाचन व्यय की नियमित मॉनिटरिंग तथा प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी एवं दीपक बैज का पुतला, की नारेबाजी

- नगर के सिग्नल चौक में आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व मे शुक्रवार को नगर के सिग्नल चौक कवर्धा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं दीपक बैज के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया।

भाजयुमो के मुताबिक प्रदर्शन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संबंध में दिए गए कथित अमर्यादित एवं अशोभनीय बयानों के विरोध में आयोजित किया गया। इस संबंध में जिला भाजयुमो अध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने बताया कि पुतला दहन कार्यक्रम भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा युवाओं एवं देश की जनता को ठगने का काम किया है।

वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी एवं नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि लंबे समय से सत्ता से दूर रहने की निराशा ने कांग्रेस पार्टी को लोकतांत्रिक मर्यादाओं की सीमाएं लांघने पर विवश कर दिया है। जिस कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व ने आतंकवाद व नक्सलवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करते हुए देश की सुरक्षा को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान की और भारत को विश्व मंच पर एक सम्मानित, सशक्त एवं निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित किया, उसी लोकतांत्रिक रूप से चुने गए शीर्ष नेतृत्व के विरुद्ध ऐसी घृणित टिप्पणी न केवल अत्यंत निंदनीय है, बल्कि 140 करोड भारतीयों की भावनाओं का सीधा अपमान भी

### राहुल व बैज पर जमकर बरसे भाजपा नेता, लगाए कई आरोप



भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता लगातार अमर्यादित बयानबाजी कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के प्रति इस प्रकार की भाषा कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाती है। उक्त पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष परेटन वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा सुनील दोषी , कपिल चंद्रवंशी संजय देसाई मिथलेश बंजारे, नगरपालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, नरेश साहू, सचिन अग्रवाल, संजय मिश्रा कमलेश द्विवेदी,सौखी आहिरवार निर्मल द्विवेदी, राजेन्द्र सलूजा, यशवंत छाबड़ा, योगेश चंद्रवंशी तामेश्वर साहू, नरेंद्र चंद्रवंशी, अरविंद पात्रे, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष नीतीश चंद्रवंशी, अश्वन साहू अजय ठाकुर संजीव कुर्रे , सौरभ शर्मा, केशरी चंद सोनी कैलाश कौशिक,उमेश साहू सुनील साहू दुर्गेश अवस्थी डोनेश ठाकुर अजय केशरवानी आयुष वर्मा योगेन्द्र ठाकुर पुरुषोत्तम निर्मलकर, कार्तिक सोनी, प्रवीण ठाकुर, हरी साहू,विक्रम साहू, कृष्णा मिश्रा, उदय मानिकपुरी, अजय केशरवानी, जित्तू जायसवाल वेदकुमारी चौबे छाया नामदेव संतोषी जायसवाल विद्या गंधर्व मोनिका विश्वकर्मा भगवती मिरज सहित बड़ी संख्या में भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुर्घटना : हाई टेंशन तार की चपेट में आया ट्रक

# तेंदूपत्ता से भरे ट्रक में लगी भीषण आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब तेंदूपत्ता से भरे एक आईसर ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया और ट्रक में भरा लाखों रुपए का तेंदूपत्ता जलकर राख हो गया। हालांकि चालक और कंडक्टर ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बोड़ला के दैहान इलाके में यह हादसा उस समय हुआ, जब भोंदा कला से तेंदूपत्ता लेकर एक आईसर ट्रक बोड़ला गोदाम की ओर जा रहा था।

इसी दौरान सड़क के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में वाहन आ गया। तार से टकराते ही तेज स्पार्किंग हुई और कुछ ही सेकंड में ट्रक में आग भड़क उठी।





### चंद मिनटों में आग ने लिया भीषण रूप

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग इतनी तेजी से फैली कि चालक और कंडक्टर को संभलने तक का मौका नहीं मिला। दोनों ने सूझबूझ दिखाते हुए चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं ट्रक में भरा भारी मात्रा में तेंदूपत्ता धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देता रहा। घटना की खबर फैलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आग की भयावह स्थिति को देखकर इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और संबंधित विभाग को दी। सूचना मिलते ही बोड़ला पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने में जुट गई।

### आग से बड़ा नुकसान

प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर बिजली तारों की ऊंचाई और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। समय रहते चालक और कंडक्टर की सतर्कता से बड़ा जनहानि टल गई, लेकिन लाखों रुपए का तेंदूपत्ता और वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

# सुशासन तिहार में किसानों की पीड़ा लेकर पहुंचे तुकाराम

## डिप्टी सीएम ने राजनीतिक मतभेदों से हटकर सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आम लोगों की समस्याओं और मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठाने वाले प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने शुक्रवार को ग्राम खड़ौदा में आयोजित सुशासन तिहार में किसानों की समस्या प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के समक्ष रखी।

क्षेत्र के किसानों की मुख्य समस्या केसीसी भुगतान को लेकर दर्जनों किसानों के साथ सुशासन तिहार में पहुंचे तुकाराम चन्द्रवंशी ने उप मुख्यमंत्री के समक्ष किसानों की पीड़ा व्यक्त की। इस दौरान विजय शर्मा ने राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठते हुए युवा नेता तुकाराम चन्द्रवंशी से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और किसानों की समस्याओं की जानकारी ली। तुकाराम चन्द्रवंशी ने बताया कि खड़ौदा क्षेत्र के जरूरतमंद किसानों को समय पर केसीसी का भुगतान नहीं मिल पा रहा है।

बैंक प्रबंधन द्वारा प्रतिदिन भुगतान में टालमटोल किया जा रहा है तथा किसानों को निर्धारित राशि भी नहीं दी जा रही है। इसके कारण किसानों को सुबह से शाम तक बैंक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय पर केसीसी राशि नहीं मिलने से किसान काफी परेशान हैं और खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तत्काल तुकाराम चन्द्रवंशी के मोबाइल से संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा की तथा किसानों की केसीसी भुगतान संबंधी समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

# पोड़ी टीम ने जीता क्रिकेट प्रीमियर लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

ग्राम बसनी में आयोजित रात्रिकालीन बसनी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में पोड़ी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डबराभाठ टीम को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्रिकेट प्रेमी मैदान में उपस्थित रहे। फाइनल मुकाबले में पोड़ी और डबराभाठ टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में उत्साह बना रहा।



अंततः पोड़ी टीम ने शानदार खेल का परिचय देते हुए जीत हासिल कर प्रतियोगिता की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपये एवं शील्ड पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार 15,501 रुपए एवं शील्ड ग्राम सरपंच दूरपति ईश्वर चंद्राकर की ओर से रखा गया था। मेन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे द्वारा 5,100 रुपए एवं शील्ड तथा मेन ऑफ द मैच पुरस्कार पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास पाण्डेय द्वारा 2,101 रुपए एवं शील्ड प्रदान किया गया। फाइनल मैच के मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार रमन खनूजा द्वारा 1,101 रुपए एवं शील्ड रखा गया था। फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भावना बोहरा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच दूरपति ईश्वर चंद्राकर ने की।

विशिष्ट अतिथियों में जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष छत्रकिशोर सानू तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता विकास पाण्डेय एवं महामंत्री मनहरण साहू शामिल रहे। समारोह में विजेता पोड़ी टीम को 31 हजार रुपये एवं शील्ड तथा उपविजेता डबराभाठ टीम को 15,501 रुपए एवं शील्ड अतिथियों द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच नोहर कुर्रे, रमन खनूजा, देवेंद्र कपिल साहू, रामनाथ साहू, श्रवण चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, अनुज चंद्राकर, ललित, देवेंद्र, पचू, शेखर, केदारनाथ, पीलू साहू, जयराम साहू, कुसुवा ठाकुर, रामकृष्ण यादव, बद्री सिंह, रामनिकेत सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता: कलेक्टर वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के पेट्रोल पंप डीलर्स एवं गैस एजेंसी संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने जिले में ईंधन एवं रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस पर विशेष जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने जिले में उपलब्ध पेट्रोल, डीजल और एलपीजी स्टॉक की जानकारी लेते हुए नियमित आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की।

पेट्रोल पंप डीलर्स एवं गैस एजेंसी संचालकों ने बताया कि जिले में ईंधन एवं गैस की सप्लाई नियमित रूप से प्राप्त हो रही है तथा उपभोक्ताओं को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि पेट्रोल पंपों का संचालन पूरी तरह व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि कई बार किसी पेट्रोल पंप पर कुछ समय के लिए आपूर्ति प्रभावित होने पर जिलेभर में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाहें तेजी से फैलने लगती हैं, जिससे अनावश्यक घबराहट एवं विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए उपभोक्ताओं के साथ सतत एवं सकारात्मक संवाद बनाए रखना आवश्यक है। कलेक्टर ने डीलर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि डब्बों एवं कैनों में ईंधन की जमाखोरी करने वाले तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना प्रशासन को दी जाए।

# मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ आज, वैज्ञानिक जांच को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले को आधुनिक सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट अंतर्गत मोबाइल फॉरेंसिक वैन की महत्वपूर्ण सौगात मिली है।



क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला कवर्धा एवं जिला पुलिस कबीरधाम के संयुक्त तत्वावधान में मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ 23 मई 2026, शनिवार को सुबह 11 बजे क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला परिसर, जनपद कॉम्पलेक्स, कवर्धा में किया जाएगा। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन गृह (पुलिस) विभाग द्वारा प्रदत्त यह अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वाहन घटनास्थल पर वैज्ञानिक जांच, भौतिक साक्ष्य संग्रहण एवं त्वरित परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे अपराध अनुसंधान प्रक्रिया को गति मिलेगी तथा न्यायिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदेश में आधुनिक पुलिसिंग एवं वैज्ञानिक अनुसंधान व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में कबीरधाम जिले को यह मोबाइल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई गई है, जिससे जिले में अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार होगा। मोबाइल फॉरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही आवश्यक वैज्ञानिक परीक्षण एवं साक्ष्य संकलन कार्य किया जा सकेगा।

इससे जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और अपराधों के त्वरित निराकरण में सहायता मिलेगी। यह पहल न्याय की ओर एक सशक्त कदम साबित होगी।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डीईओ से मिले

# 20-25 साल की सेवा के बाद भी सेवापुस्तिका का ऑडिट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीस-पच्चीस साल की सेवा के बाद भी जिले में कार्यरत सैकड़ों शिक्षक संवर्ग की सेवापुस्तिका का स्थानीय संपरीक्षक तथा कोष एवं लेखा से आज पर्यन्त तक ऑडिट नहीं कराया गया है।

इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफ. आर. वर्मा से मुलाकात कर सेवापुस्तिका व सीजीपीएफ पासबुक का अद्यतन संधारण पश्चात ऑडिट कराने की मांग रखा। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि शिक्षाकर्मियों की नियुक्ति पंचायत विभाग के तहत सन 1998 से प्रारम्भ हुआ है, तत्पश्चात सन 2018 में स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक एलबी संवर्ग के पद पर संविलियन कर शासकीयकरण किया गया। नियमों के अनुसार जब भी वेतन का निर्धारण होता है, उसके बाद सेवापुस्तिका का ऑडिट कराया जाना आवश्यक है। शिक्षाकर्मियों की पंचायत व नगरीय निकाय में सेवा सन 1998 से 2018 तक बीस वर्ष रहा, जिसके ऑडिट के लिए निर्धारित कार्यालय स्थानीय संपरीक्षक राजनांदगांव है।

शिक्षाकर्मियों का 1998 के बाद सन 2003, 2007 एवं 2013 में वेतन निर्धारण तथा सन 2018 में पंचायत से शिक्षा विभाग में संविलियन के बाद भी वेतन निर्धारण हुआ। नियमों के अनुसार इन चारों अवसरों पर स्थानीय संपरीक्षक राजनंदगांव से सत्यापन कराया जाना था, लेकिन सैकड़ों शिक्षकों की सेवापुस्तिका का ऑडिट नहीं कराया गया।

स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन के बाद निर्धारित वेतनमान का कोष एवं लेखा दुर्ग से ऑडिट कराया जाना था, लेकिन इसे भी नहीं किया गया। डीईओ ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिले के समस्त बीईओ व डीडीओ प्राचार्य के नाम तत्काल पत्र जारी कर सेवापुस्तिका का सत्यापन कराने का निर्देश दिया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, दिलीप धुर्वे, राजकिरण चन्द्रवंशी, रंगलाल बारले, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, चतुर मेरावी, विनोद राजपूत, देवेश वैष्णव, संजू वर्मा, नरेंद्र चंद्रोल, श्रीराम साहू, माधवेश केशरी, भूपति यादव, भागीरथी चन्द्राकर आदि शामिल थे।



### ऑडिट के बाद ही वेतन निर्धारण मान्य

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि शिक्षकों का कोई भी वेतन निर्धारण तभी सही माना जाता है, जब उसे स्थानीय संपरीक्षक या कोष एवं लेखा से ऑडिट करा लिया जाता है। बगैर ऑडिट के कई बार अधिक वेतन निर्धारण से रिकव्हरी तथा कम वेतन निर्धारण से एरियर्स की स्थिति निर्मित होता है।

### ऑडिट कराने की जिम्मेदारी डीडीओ का

शिक्षकों के सेवापुस्तिका का वेतन निर्धारण के बाद ऑडिट कराने की जिम्मेदारी डीडीओ का होता है, जिसके पास सेवापुस्तिका रखा जाता है। प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों का डीडीओ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों का डीडीओ प्राचार्य है।

# नपं स.लोहारा में अध्यक्ष पद के 6 उम्मीदवार मैदान में




हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद के उपचुनाव में नामवापसी के पास प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो गई।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को नाम वापसी के बाद अब नगर पंचायत स.लोहारा में अध्यक्ष पद के लिए कुल 6 उम्मीदवार मैदान में है। जिन्हें आज चुनाव चिन्ह भी आबंटित कर दिया गया है। इनमें कांग्रेस से अधिकृत उम्मीदवार रोशन वैष्णव को पंजा निशान, भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सरिता संतोष मिश्रा को कमल छाप, इसी प्रकार अन्य उम्मदवार कमल यादव को गैस सिलैण्डर, डाकेश्वर श्रीवास को बांसुरी, गुलशन कुमार गंधर्व को कैटली छाप तथा महोदव कुंभकार को कुकर छाप चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है।

माना जा रहा है कि नामवापसी एवं चुनाव चिन्ह आबंटन के बाद अब प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में तेजी आएगी।